## संक्षिप्त

### घुमंतु समुदाय के लिए शिविर आयोजित

**टोंक।** जिला कलेक्टर के निर्देशन पर निवाई नगरपालिका में घुमंतु समुदाय के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जो विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाया गया है। इस शिविर में ई-मित्र के माध्यम से घुमंतु समुदाय के लोगों को निशुल्क मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किए जा किये, यह पहल समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में मदद करेगी। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने शिविर में उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि घुमंतु समुदाय के लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सभी दस्तावेज समय पर तैयार करने की सुनिश्चितता करने को कहा, ये शिविर 31 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा।

### जरूरतमंदों को रजाइयां बांटी

**टोंक।** रेल लाओ संघर्ष समिति, अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान ने गुरूवा को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धन्ना तलाई चौराहे पर आर्थिक रूप से असहाय व जरूरतमंदों को गर्म रजाईयों का वितरण की है। इस दौरान अकबर खान ने बताया है कि जो असहाय व जरूरतमन्द कड़कड़ाती ठंड में साधारण चादर के सहारे अपनी पूरी रात ठंड में गुजारते है, उनकी समस्याओं को समझते हुए मैने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्म रजाईयों का वितरण किया। जिससे वह इस ठण्ड में अपनी जिन्दगी को खुशहाली से जियें।

### वृद्धजनों की सेवा सबसे बड़ा धर्म

**बहरोड / नीमराना।** नगर परिषद बहरोड में वयो वृद्ध सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के भामाशाह रहे किसान नेता प्रधा न प्रतिनिधि बस्ती राम यादव ने बताया कि भयंकर सर्दी में जरूरतमंद वृद्ध जनों एवं महिलाओं को ऊनी कंबल देकर सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे रोहतास मेघवाल पूर्व पार्षद बहरोड के नेतृत्व में सबलपुरा - जैतपुरा मोहल्ले के वृद्धजन- सम्मान समारोह में मकर संक्रांति पर क्षेत्र के गरी बों, बुजुर्गों एवं वरिष्ठ ना गरिकों की सेवा को सबसे बडा धर्म बताया गया। इस दौरान भारत भूषण शर्मा अधिशासी अभियंता, रो हताश सैनी पार्षद, अनिल सैनी, लोकेंद्र या दव, कमल यादव, मनोज एडवोकेट, रोहतास गुर्जर, सुनील यादव, सुरेश धानक, गुलाब सिंह सहित सैकडों बुजुर्ग व महिलाएं तथा युवा और बच्चे मौजूद रहे।

### महापंचायत की बैठक 20 को

**निवाई।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में किसानों की समस्याओं को लेकर कृषि उपज मंडी में बैठक आयोजित होगी। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह पलेई ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर कृषि उपज मंडी में स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में 20 जनवरी को 12 बजे बैठक आयोजित होगी।

# कलैक्टर की बैठक में ओवरलोड वाहन, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण पर रहा फोकस



कोटपुतली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित।

■ 'यातायात को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए नियमों का पालन करवाते हुए सख्त कार्यवाई की जरुरत'

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई एवं एडीएम ओमप्रकाश सहारण भी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने दुर्घटना संभावित अवैध कट्स और ब्लैक स्पॉट्स को बंद करने के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित एजेंसी सुनिश्चित करें कि बंद कट्स पुनः शुरू ना हो साथ ही आमजन को प्रभावित करने वाले कट्स का सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें उन्होंने सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कार्यवाहियों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीटीओ की डीटीओ की टीम लगातार फील्ड में रहकर ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्यवाही कर उन्हें जब्त कर चालान करें। उन्होंने शहर में भारी वाहनों के आवागमन से सुगम यातायात में हो रही परेशानी को हल करने के लिए पुलिस, पीडब्ल्यूडी, डीटीओ, एनएचएआई के अधिकारियों की टीम गठित कर ट्रैफ़िक मैनेज एवं पार्किंग समस्या के अन्य विकल्प तलाश कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने ओवरस्पीडिंग, ट्रैफिक प्रबंधन, ठीन बेल्ट और सड़क किनारे झाड़ियों की कटाई, मार्किंग, सड़क पेच वर्क, यू-टर्न, साइन बोर्ड का प्रभावी क्रियान्वयन एवं यातायात नियमों के बारे में प्रचार-प्रसार करने, आपातकालीन सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श कर संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किएघुमाव पर चेतावनी बोर्ड, सड़क किनारे अतिक्रमण, लाइट्स के लिए सक्रियता से कार्य करने को कहा। जिला पुलिस अधीक्षक ने बीडीएम सहित अन्य आवश्यक स्थानों पर फुट ओवरब्रिज बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही में तेजी लाने को कहा जिससे आमजन को राहत मिले. उन्होंने हाईवे पर दुर्घटना से बचने के लिए पावटा, बीडीएम अस्पताल के सामने हाईवे पर अस्थाई बस स्टॉप को अन्यत्र शिफ्ट करने हेतु टीम गठित कर शीघ्र कार्यवाही करने को कहा, जिससे कि यात्री सड़क किनारे खड़े नहीं रहे। जिला पुलिस अधीक्षक ने संबंधित एजेंसियों को दिशा-निर्देश दिए।

### संगठन को मजबूत करने पर चर्चा आज

**पावटा।** विराटनगर व पावटा ब्लॉक कांग्रेस की संयुक्त बैठक का आयोजन पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में आज दोपहर 1 बजे ग्रीन पार्क होटल में किया जाएगा। बैठक में संगठन को मजबूत करने, आगामी राजनीतिक रणनीति तय करने तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार बैठक में ब्लॉक, मंडल व बूथ स्तर के कांठोस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करने के साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके अलावा क्षेत्र में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था सहित स्थानीय मुद्दों को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के माध्यम से काग्रेस नेतृत्व कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने का संदेश देगा।

# डीओ के पदभार ग्रहण नहीं करने से ग्रामीणों का कलैक्ट्रेट पर प्रदर्शन

■ पलाई ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी को चार्ज दिलवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। जिसके बाद कलेक्टर ने ग्रामीणों को जल्द ही पंचायत का चार्ज दिलवाने का आश्वासन दिया

**टोंक।** पलाई ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी को चार्ज दिलवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। जिसके बाद कलेक्टर ने ग्रामीणों को जल्द ही पंचायत का चार्ज दिलवाने का आश्वासन दिया। उनियारा उपखण्ड की ग्राम पंचायत पलाई के ग्रामीणों ने गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर ग्राम पंचायत में नियुक्त ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह को चार्ज दिलाने को लेकर प्रर्दशन कर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौपा है। इस दौरान ग्रामीणो ने बताया गत दिनों 19 दिसंबर को राज्य सरकार के आदेश अनुसार मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने पलाई ग्राम पंचायत विकास अधिकारी रमेश प्रजापत को निलंबित करके पंचायत समिति टोंक पर उपस्थित देने के निर्देश दिए गए थे। निलंबित होने के बाद ग्राम पंचायत पलाई में उनियारा विकास अधिकारी ने आदेश जारी कर ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह को नियुक्त किया गया था, जिसके बाद शैलेंद्र सिंह ने 26 दिसंबर को ग्राम पंचायत में पदभार ग्रहण किया था। उसके बाद ग्राम विकास अधिकारी को 25 दिन बाद भी ग्राम पंचायत पलाई के निलंबित ग्राम अधिकारी द्वारा चार्ज नहीं दिया गया है, चार्ज नहीं देने से ग्रामीणों एवं आमजनों के आवश्यक कार्य व ग्राम पंचायत के विकास कार्य व सफाई कार्य बिल्कुल बंद पड़े हुए हैं। वही ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पलाई के निलंबित ग्राम विकास अधिकारी रमेश प्रजापत के 2 वर्ष के कार्यकाल में दो बार निलंबित थे, वहीं एक बार एपीओ हो चुके हैं। इसके बावजूद भी हर बार बहाली के बाद राजनीतिक रसूख के चलते उसकी नियुक्ति वापस ग्राम पंचायत पलाई में कर दी जाती है, जिसको लेकर ग्रामीणों व आमजन में खासा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर निलंबित ग्राम विकास अधिकारी रमेश प्रजापत को बहाल होने के बाद उसे ग्राम पंचायत पलाई में नहीं लगाने की भी मांग की है।

### दौड़ प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

**पावटा।** ग्राम पंचायत भूरी भड़ाज में उड़ान टीम एवं जनसेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाली दौड़ प्रतियोगिता के 9वें संस्करण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक व पूर्व पंचायत समिति सदस्य भाई हरिद्वारीलाल स्वामी ने बताया कि दौड़ प्रतियोगिता में सैकडों की संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें प्रथम स्थान हेमंत गढ़वाल भांकरी, द्वितीय स्थान सचिन सिंह पांछूडाला तथा तृतीय स्थान रवि मीणा पंडितपुरा ने प्राप्त किया तीन विजेताओं को नगद इनाम व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया साथ ही प्रथम दस स्थान प्राप्त विजेताओं को भी नगद इनाम व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विराटनगर से पूर्व विधायक इंद्राज सिंह गुर्जर ने कहा कि हार व जीत एक ही सिक्के के दो पहलू होते हैं इसलिए हारने वाले प्रतिभागियों को निराश ना होकर ओर अधिक मेहनत करनी चाहिए।

## सार-समाचार

### भगवान को पौष बड़ों का भोग लगाया



**बौली, बामनवास।** क्षेत्र के बरनाला तहसील के टिगरिया गांव के ग्रामीणों ने तलाई वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में गुरुवार को फूल बंगला झांकी सजाकर लगाया पौष बड़ों का भोग लगाया। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र मीणा एवं विशिष्ट अतिथि मेघराज रामसिंह पूरा वाले थे। कार्यक्रम में दोपहर बाद फूल बंगला झांकी,व पोष बड़ों का भोग लगाकर महा आरती उतारी गई एवं आसपास से आए ठाामीणों को प्रसादी वितरण की गई।आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रशासक चरण लाल मीणा, मनोज लोटन, मंगल सिंह, धर्मराज, सचिन घुणावत, ओम प्रकाश पटेल, रामजीलाल प्रजापत, सुखजी पटेल व विनोद सहित अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित थे।

### घुमंतू समुदाय के लिए सहायता शिविर 31 तक

**दौसा।** घुमंतू समुदाय के व्यक्तियों को ऑनलाइन पहचान प्रमाण पत्र जारी कर कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए सभी पंचायत समिति, नगरपालिका एवं नगरपरिषद में 16 से 31 जनवरी तक सहायता शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी रामराज मीणा ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से घुमंतू समुदाय (विमुक्त, घुमंतू एवं अद्धर्घुमंतू) के व्यक्तियों को केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से ऑनलाईन घुमंतू पहचान प्रमाण पत्र जारी कर कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसके लिए जिले के शहरी एवं ठाामीण क्षेत्रों की सभी पंचायत समिति तथा नगरपालिका एवं नगरपरिषद में 16 से 31 जनवरी तक विमुक्त, घुमंतू एवं अद्धर्घुमंतू सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा। साथ ही इन सहायता शिविरों में घुमंतू समुदाय के व्यक्तियों के मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र आदि बनाने संबंधी कार्य भी किए जाएंगे। इन शिविरों में विमुक्त, घुमंतू एवं अद्धर्घुमंतू समुदाय के व्यक्तियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र ई-मित्रों द्वारा निःशुल्क भरवाए जाएंगे तथा किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के लाभ के लिए इन वर्गों के व्यक्ति नजदीकी पंचायत समिति तथा नगरपालिका एवं नगरपरिषद कार्यालय में संपर्क कर अपना पहचान प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी कार्य करवा सकते हैं।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**दौसा।** श्री संत सुंदर दास राजकीय महिला महाविद्यालय दौसा में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात छात्राओं ने सूर्य नमस्कार आदि विभिन्न योग किए। महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना में निहित उद्देश्यों एवं कर्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का जो लोगो है जिसमें 8 तिलिया है वे 8 प्रहर की द्योतक हैं इसका तात्पर्य है कि स्वयं सेविकाओं को प्रत्येक प्रहर समाज सेवा के लिए तैयार रहना चाहिए। डॉ. ललिता वर्मा ने छात्राओं को शिविर में उत्साह से भाग लेने हेतु प्रेरित किया। शिविर के द्वितीय सत्र में डॉ स्वर्णलता सिंह ने मोटे अनाज की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बाजरा, ज्वार, रागी व कोदो की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण के दौरान आचू बैरवा द्वारा पैकेजिंग सामग्री निर्माण हेतु प्रशिक्षण दिया। शिविर में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में स्थित गार्डन की सफाई, कचरे का निस्तारण क्यारियों का निर्माण एवं परिसर को स्वच्छ बनाने का कार्य किया। शिविर में युवा सप्ताह के दौरान नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें शिवानी वर्मा ने प्रथम तथा परी चोपड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई प्रथम की प्रभारी ललिता बैरवा ने मंच संचालन किया एवं सात दिवसीय कार्यक्रम के रूपरेखा प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय की प्रभारी अंजू मीणा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. रचना गर्ग, डॉ. परमेश्वरी बागड़ा एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### निवाई में गणतंत्र दिवस की तैयारी

**निवाई।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम प्रीति मीणा की अध्यक्षता में ब्लॉक के अधिकरियों व कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम प्रीति मीणा ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की सभी व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में आने वाले सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। समारोह स्थल पर बिजली, छाया, पेयजल, वाहन पार्किंग व छात्र-छात्राओं व प्रतिभाओं के लिए बैठने की पुख्ता व्यवस्थाएं हो। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए माईक व मंच, लाउड स्पीकर व अतिथियों के लिए स्टेज की व्यवस्थाएं सुनिश्चत करें। बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए स्मृति-चिन्ह व प्रमाण-पत्र की व्यवस्था करने, सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में लड्डूओं का वितरण करने सहित कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई।

# दुकानों से सामान ले गए चोर, व्यापारियों में आक्रोश

■ बिना नंबर प्लेट की बाइक से वारदात को अंजाम

**पावटा।** क्षेत्र में बाइक सवार चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। दिनदहाड़े दुकान के बाहर रखा सामान उठाकर दो बाइक सवार चोर फरार हो गए। घटना के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

व्यापारियों का कहना है कि बाजार में लगातार चोरी की वारदातें हो रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक चोरों पर नकेल कसने में नाकाम साबित हो रही है।पावटा कस्बे के मुख्य बाजार घंटाघर चौक स्थित दीवान ट्रेडिंग पावटा सुशील दांतिल वाले की दुकान के बाहर का है, जहां दो बैगों में रखा सामान लेकर दो बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई जिसमें दो बाइक सवार बिना नंबर प्लेट की बाइक से वारदात को अंजाम देते नजर आए।

जहां देखा गया कि दुकानदार ने रोजमर्रा की तरह अपना बैग दुकान के बाहर रखा हुआ था, जिसमें जरूरी सामान मौजूद था। किस तरह दो युवक बाइक पर सवार होकर आए और मौके का फायदा उठाते हुए दुकान के बाहर रखा कीमती सामान उठाकर चंद सेकंड में फरार हो गए।

वारदात सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई है, बावजूद इसके अब तक किसी तरह की ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में आक्रोश और दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में रोष व्याप्त है।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस गश्त केवल कागजों तक सीमित है। न तो बाजार क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग हो रही है और न ही पहले हुई चोरियों का कोई खुलासा किया गया है। इससे चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। घटना से नाराज व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# आवासीय कॉलोनियों में अवैध गोदाम व कॉम्पलेक्स की भरमार

■ अर्थी ले जाने के लिए भी नही है रास्ता

**दौसा।** जिला एवं नगर परिषद के आला अधिकारियो की जिला मुख्यालय पर मकर संक्राति पर हुये भीषण अग्निकांड के बावजूद अभी तक आंख नही खुली है। शहर की अधिकांश आवासीय कॉलोनियों में नगर परिषद के अधिकारियो की शह पर अवैधरुप से कॉम्पलेक्स एवं गोदाम संचालित हो रहे है, जिसके चलते आमजन का जीना दूभर हो गया है तथा संभावित भीषण अग्निकांड ने शहरवासियो की नींद उडा दी है। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय की अधिकांश आवासीय कॉलोनियों में अवैध रुप से गोदाम एवं कॉम्पलेक्स संचालित हो रहे है, गोदाम एवं कॉम्पलेक्स संचालकों ने नगर परिषद से स्वीकृति तक नही ले रखी है तथा धडल्ले से आवासीय भूखण्डो को व्यावसायिक उपयोग में लिया जा रहा है।

सबसे मजेदार बात ये है कि शहर में इन विभिन्न आवासीय कॉलोनियों में संचालिक कॉम्पलेक्स में पार्किंग सहित सुरक्षा के अन्य इंतजाम तक नही है। तत्कालीन नगर परिषद के आला अधिकारियों ने 10 से 12 फीट चौडे मार्ग पर ही कॉम्पलेक्स निर्माण की स्वीकृत जारी कर दी साथ ही निर्माण के दौरान ये तक जांच नही की गई की इनमें पार्किंग की व्यवस्था भी है या नही। इन कॉम्पलेक्स में स्थित दूकानदार अपने साधन मुख्य मार्ग पर ही खडे करते है जिसके चलते आम राहगीर को भी आवाजाही में भारी सविधा का सामना करना पडता है।

इतना ही नही अगर कोई घटना हो जाती है तो अग्निशमन वाहन एव दल का पहुंचना ही दूभर हो जायेगा। वर्तमान में यहां छोटे वाहनो की आवाजाही भी बेमुश्किल से हाती है। आवासीय कॉलोनियो में संचालित गोदामों में पूर्व मे भी भीषण अग्निकांड हो चुका है, इसके बावजूद नगर परिषद ने रिहायसी कॉलोनियों से इन्हे बेदखल की कार्यवाही तक नही की है। मंडी रोड पर ये तीसरी घटना है, पूर्व में भी एक फर्नीचर के गोदाम में आग लग गई थी, जो समय रहते काबू पा लिया गया था, काबू नही पाया जाता तो निश्चित रुप से जनहानि होती। मंडी रोड पर जैस ही कल अग्निकांड हुआ स्थानीय लोगो ने नगर परिषद एवं दमकलकर्मियों को इसकी सूचना दे दी। सूचना मिलने के साथ ही दमकल मौके पर पहुंची लेकिन पर्याप्त पानी नही होने तथा अनुभवि कर्मचारी के नही होने के कारण दमकल मात्र दिखावा साबित हुई। मौके पर पहुंचे लालसोट एडीएम मनमोहन मीणा ने जयपुर एवं लालसोट से दमकल मंगवाई। दमकल के आने तक आग ज्यादा भभक गई, जिसके चलते आसपास के मकानो को खाली करना पडा। इधर अग्निकांड की सूचना मिलने के साथ ही जलदाय विभाग के ठेकेदार गब्बू जोशी तकरीबन आधा दर्जन से अधिक पानी के टेंकर लेकर पहुंचे, तथा अग्निकांड पर काबू पाने का प्रयास किया। इधर गोदाम को मार्ग सकरा होने के कारण स्थानीय लोगो ने दुर्गा मंदिर की दीवार तोडकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लालसोट एवं जयपुर से दमकल के पहुंचने से पूर्व ही गब्बू जोशी एवं उनके कार्यकर्ताओं ने तकरीबन 75 प्रतिशत से अधिक आग पर काबू पा लिया गया था। मंडी रोड पर हुये भीषण अग्निकांड से शहरवासियो में दहशत फैल गई है। लोग आवासीय कॉलोनियो में अवैध रुप से संचालित कॉम्पलेक्स एवं गोदामो को सीज करने की मांग करने लगे है।

# 76 वें सेना दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि

**भरतपुर (निस)।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय भरतपुर में 76 वे सेना दिवस के उपलक्ष्य में शहीदों को श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया इस मौके पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी इंदू मीणा ने सरस्वती माता के फोटो पर माल्यार्पण किया और क्षेत्रीय उप परिवहन अधिकारी अभय मुद्गल जी ने सरस्वती माता के चित्र के सामने दीपक जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की इसके उपरांत पूर्व सैनिकों की तरफ से वेटरन इंडिया के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार चतुर्वेदी ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि थल सेना दिवस की शुरुआत 1895 में हुई थी किंतु जब 15 अगस्त 1947 में देश आजाद हुआ तो उसके दो साल बाद 15 जनवरी 1949 को पहले भारतीय जरनल के एम करिअप्पा भारतीय सेना के प्रथम चीफ ऑफ दा आर्मी स्टाफ बने। उससे पहले ब्रिटिश मूल के ही सेनाध्यक्ष होते थे। उसी उपलक्ष्य में सेना दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सैनिक कभी भी रिटायर नहीं होता जितनी जिम्मेदारी सेना में रहते हुए सैनिक की होती है उससे ज्यादा जिम्मेदारी रिटायर्ड होने के बाद भी समाज के प्रति होती है। क्षेत्रीय उप परिवहन अधिकारी ने बताया कि आप लोगों की सेवाएं पूरे राजस्थान में है और आप जिस लगन और मेहनत से कार्य करते हुए ईमानदारी का परिचय देना रहते हुए देते आए है उसी प्रकार भिन्न भिन्न कार्यालयों में रहते हुए उम्दा कार्य करते रहे। जिला परिवहन अधिकारी राधेश्याम शर्मा ने सैनिकों को बधाई देते हुए कहा कि सैनिक अगर सीमा पर मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी नहीं दें तो कोई भी चौन से नहीं सो सकता। एम वी आई देवेंद्र सुंडा जी ने पूर्व सैनिकों को बधाई देते हुए एक सभ्य समाज में सैनिकों की सहभागिता पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में संभाग परिवहन अधिकारी इंदू मीणा जी सड़क सुरक्षा की उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई। इस मौके पर पूर्व सैनिकों में बदन सिंह, ईश्वर सिंह, करतार सिंह, ओमवीर सिंह, रणवीर सिंह, राम सिंह, दानवीर सिंह, जितेंद्र शर्मा, गौरव गर्ग, दिलीप सिंह, कामिनी सिंह, भावना तोमर, श्रुति बंसल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 28 को

**दौसा।** देवनारायण मंदिर कमेटी एवं गुर्जर समाज की बैठक गुरुवार को देवनारायण मंदिर में आयोजित की गई, जिसमें 28 जनवरी को गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान श्री देवनारायण जी के जन्मोत्सव के अवसर पर शोभा एवं कलश यात्रा तथा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मंदिर कमेटी सचिव एडवोकेट हनुमान हर्षाना ने बताया कि सुबह 9 बजे पूजा अर्चना के बाद रथ देवनारायण मंदिर गुर्जर छात्रावास से रवाना होगा जो फ़लसावाला वाले बालाजी, छोटी दौसा होते हुए चुंगी सहजनाथ महादेव, संस्कृत कॉलेज पहुंचेगी जहां से कलशयात्रा शुरु होगी जो गांधी तिराया होते हुए सोमनाथ स्थित देवनारायण मंदिर पहुंचेगी, जहां प्रतिभा सम्मान समारोह व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित होगा। समारोह में दसवीं कक्षा व बारहवीं कक्षा में 80 प्रतिशत प्राप्त बालक बालिकाओं को सम्मानित किया किया जाएगा। उन्होने बताया कि 2025 में 80 प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक प्राप्त प्रतिभा अपनी मार्कशीट 20 जनवरी तक देहरादून क्लासेज दौसा या देवनारायण मंदिर में जमा करा दे सकते है।

# 'नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक शिक्षा की रोशनी पहुंचे'




दौसा में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया।

■ प्रशिक्षण के दौरान साक्षरता अभियान की कार्ययोजना, शिक्षण पद्धितयों, सतत शिक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए स्वयंसेवकों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है

**दौसा।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सीताराम गुर्जर ने स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करना है। जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी हरिओम गुर्जर ने संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाना लक्ष्य है।

कार्यशाला में दक्ष प्रशिक्षक रवि शंकर शर्मा ब्लॉक समन्वयक एवं सुरेश सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टुढ़ियाना ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान साक्षरता अभियान की कार्ययोजना, शिक्षण पद्धितयों, नवाचारों तथा सतत शिक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई।

वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए शिक्षकों, स्वयंसेवकों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यशाला में जिले के सभी ब्लॉक के साक्षरता समन्वयक और चयनित प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।